154

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रामपुर

पत्रांक– /आर0एस0एल0ए0 दिनांक–
सेवा में,

अधीक्षण अभियन्ता
रामपुर वृत, लो0नि0वि0
रामपुर।

विषय:– जनपद रामपुर में बिलासपुर गिलक (प्रमुख जिला मार्ग–33) मार्ग के कि0मी0 चै0 2.30 के ग्राम कोटा जागीर के खसरा नं0–144 तहसील बिलासपुर पर रिटेल आउट (पट्रोल पम्प) की स्थापना हेतु अनापत्ति दिये जाने के सम्बध में।

सन्दर्भ:– जिलाधिकारी, रामपुर का कार्यालय पत्र सं0– 115/जे0ए0–2 दिनांक 08.06.2016

महोदय

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा प्राप्त मानचित्रों का सत्यापन उपरान्त इस आशय से प्रेषित किये जा रहे है कि प्रस्तावित पट्रोल पम्प के सामने मार्ग की स्थायी भूमि 18.50 मीटर सड़क की मध्य रेखा से एक ओर प्रमाणित की जाती है। रोड साइड लैण्ड कन्ट्रोल एक्ट 1945 के नियम–6(1) में निहित प्राविधानों के अनुसार मार्ग की मध्य रेखा से 18.50 मीटर की लम्बवत दूरी पर अनुमति दिये जाने की संस्तुति निम्नलिखित प्रतिबन्धों के साथ की जाती है।

यह मार्ग यू0पी0 रोड साइड लैण्ड कन्ट्रोल एक्ट 1945 के अन्तर्गत नोटिफाइड मार्ग है।

1. प्रस्तावित निर्माण का कार्य अनुमोदित प्लान के अनुसार कराना होगा।
2. निर्माण कार्य अनुमति प्राप्त होने के एक वर्ष के अन्दर पूर्ण करना आवश्यक होगा।
3. भू–स्वामित्व के लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।
4. प्रस्तावित निर्माण यदि विनयमित क्षेत्र, नगर पालिका, टाउन एरिया की सीमा के अन्तर्गत आता है तो निर्माण से पूर्व उनसे भी अनुमति कराना आवश्यक होगी।
5. अनुमोदित प्लान के अनुसार निर्माण करना आवश्यक होगा। किसी भी शर्त का उल्लघन होने पर प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए प्रदत्त स्वीकृति स्वतः निरस्त मानी जायेगी।
6. रिटेल आउटलेट की सतह मार्ग की सतह से नीचे रखनी अनिवार्य होगी।
7. प्रस्तावित निर्माण स्थल के सामने पुलिया एवं पहुंच मार्ग आवेदक को स्वयं के व्यय पर निर्माण करना आवश्यक होगा एवं विधिवत अनुबंध कराना भी आवश्यक होगा।

संलग्नक–1. प्लान तीन प्रति में
2. जिलाधिकारी, रामपुर के पत्र की छायाप्रति
3. चेक लिस्ट 2 सेट में

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 रामपुर
दिनांक– 10/06/2016

पत्रांक– 1185/आर0एस0एल0ए0
प्रतिलिपि–

1. प्रभारी अधिकारी, संयुक्त कार्यालय कृते जिलाधिकारी, रामपुर को उनके संदर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रतिलिपि सहायक अभियन्ता, चतुर्थ निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, रामपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 रामपुर